पर्यटन, स्टार्टअप, कौशल विकास और ड्रोन में निवेश करेगा ऑस्ट्रिया

24 सदस्यीय सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने नोएडा, ग्रेनो, यीडा के इंफ्रा को सराहा

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। विश्वस्तरीय शहर के रूप में विकसित हो रहे नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना सिटी में ऑस्ट्रिया टूरिज्म, स्टार्टअप, कौशल विकास, रिसर्च, ड्रोन और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में निवेश करेगा। बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा पहुंचे ऑस्ट्रिया के 24 सदस्यीय सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर को सराहा। इसके साथ ही नए क्षेत्रों में निवेश, परस्पर सहयोग और ज्वाइंट वेंचर बनाकर कार्य करने की इच्छा जाहिर की।

ग्रेटर नोएडा में पहली बार पहुंचे ऑस्ट्रिया के सरकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ ग्रेनो, नोएडा और यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की। उत्तर प्रदेश में निवेश की उम्मीदों के बीच नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण और इनवेस्ट यूपी के अधिकारियों ने उपलब्ध संसाधनों और सरकारी नीतियों पर प्रतिनिधिमंडल के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया।

ग्रेनो के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा से जुड़े सभी एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, डाटा सेंटर, नॉलेज हब और मास्टर प्लान 2041 के ग्रेटर नोएडा आदि का खाका प्रतिनिधिमंडल के समक्ष खींचा। इससे पहले इंवेस्ट यूपी की ओर से प्रदेश में निवेश कर रही बड़ी कंपनियों और कई देशों के प्रस्तावों को भी विस्तार से बताया गया। इसमें नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण और इनवेस्ट यूपी के अधिकारियों ने अपना प्रस्तुतिकरण दिया।

विदेशी प्रतिनिधिमंडल के साथ सांसद मिथलेश कठेरिया व अन्य अधिकारी। स्रोत: प्राधिकरण

एयरपोर्ट , फिल्म सिटी भी आकर्षण

यमुना सिटी के प्रस्तुतीकरण में ऑस्ट्रिया के प्रतिनिधिमंडल के लिए नोएडा एयरपोर्ट और अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी भी आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने अपने निवेश प्रस्तावों को लेकर इन दोनों बिंदुओं पर जानकारी हासिल की। दरअसल, यह प्रतिनिधिमंडल ऑस्ट्रिया के निवेषकों के लिए टूरिज्म, स्टार्टअप, कौशल विकास, रिसर्च, ड्रोन और टेक्नोलॉजी आदि क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं तलाशने भारत आया है। ऑस्ट्रिया के टाइरोल इकोनॉमिक चैंबर के वाइस प्रेसीडेंट मैनफ्रेड प्लेजर के नेतृत्व में 24 सदस्यों का सरकारी प्रतिनिधिमंडल इससे पहले बेंगलूरू गया था।

पीएम मोदी के विजन का विकसित भारत

बैठक के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन पर हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार और नोएडा, ग्रेनो व यीडा की कार्य प्रणाली की सराहना की। इस मौके पर सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ प्रेरणा सिंह, यीडा की एसीईओ श्रुति व ओएसडी शैलेंद्र भाटिया, नोएडा के एसीईओ संजय खत्री, अनिरुद्ध क्षत्रिय, यूपी टूरिज्म से प्रीति श्रीवास्तव मौजूद थे।